उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण "उरेडा" देहरादून

सूचना अधिकार अधिनयम- **2005**

मैनुअल

संख्या - **05**

अपने द्वारा या अपने नियंत्रणाधीन धारित या अपने कर्मचारियों द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन के लिए प्रयोग किए गये नियम, विनियम, अनुदेश, निर्देशिका और अभिलेख ।

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	अपने द्वारा या अपने नियंत्रणाधीन धारित या अपने कर्मचारियों द्वारा अपने कृत्यों के निवर्हन के लिए प्रयोग किए गये नियम, विनियम, अनुदेश, निर्देशिका और अभिलेख।	62
2	सौर ऊर्जा (सोलर थर्मल) से सम्बन्धित नीतियाँ एवं दिशा-निर्देश।	63-69
3	बायो ऊर्जा/ग्रामीण ऊर्जा तकनीकी कार्यक्रम से सम्बन्धित नीतियाँ एंव दिशा-निर्देश।	70-84
4	जल विद्युत ऊर्जा से सम्बन्धित नीतियाँ एवं दिशा-निर्देश।	85-96

भाग - 2

5	सूचना अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित उपयोगी जानकारी।	97-99

5. अपने द्वारा या अपने नियंत्रणाधीन धारित या अपने कर्मचारियों द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन के लिए प्रयोग किए गये नियम**,** विनियम**,** अनुदेश**,** निर्देशिका और अभिलेख ।

उरेडा के अधिकारी एवं उसके कर्मियों द्वारा उनके कृत्यों निर्वहन हेतु उरेडा द्वारा सेवा नियमावली विहित की गई है, जिसमें सेवा शर्ते, नियम/विनियम हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से जारी नियम/विनियम उरेडा में लागू होते हैं। वित्तीय नियमों हेतु उरेडा में "परचेज रूल्स" बनाई जा रही है इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा जारी की गई वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के नियम उरेडा में लागू हैं। इसके साथ ही उरेडा द्वारा कर्मियों को समय-समय पर अनुदेश/निर्देश निर्गत किये जाते हैं। उरेडा की सेवा नियमावली संलग्न है।

1. उरेडा सेवा नियमावली-2004

अभिलेख का नाम- उरेडा सेवा नियमावली 2004 अभिलेख का प्रकार- पुस्तिका

अभिलेख का संक्षिप्त परिचय- उरेडा सेवा नियमावली 2004 में उरेडा म सृजित पदों का विवरण, पदों को भरने की प्रक्रिया, कार्मिकों को अनुमन्य सुविधाओं, कार्मिकों की सेवा शर्ते, विभागीय कार्यवाही की व्यवस्था आदि के संबंध में नियम बनाये गये हैं।

सेवा नियमावली की अनुमन्यता- पता- उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, राज्य स्तरीय
ऊर्जा पार्क परिसर, पटेल नगर, देहरादून।
दुरभाष - 2521386, 2521387
फैक्स- 2521553

सेवा नियमावली अभिलेख की प्रति प्राप्त करने हेतु शुल्क का निर्धारण लोक सूचना अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

2. वित्तीय हस्तपुस्तिका

अभिलेख का नाम- वित्तीय हस्तपुस्तिका अभिलेख का प्रकार- पुस्तिका

अभिलेख का संक्षिप्त परिचय- शासन द्वारा धन के आहरण एवं वितरण हेतु नियमावली विहित की गई है।

3. शासनादेश

अभिलेख का नाम- विभिन्न शासनादेश अभिलेख का प्रकार- पत्र

अभिलेख का संक्षिप्त परिचय- शासन द्वारा समय-समय पर धन के आहरण वितरण, कार्मिकों की सेवा शर्तो, योजनाओं, अनुदान, नियम, विनियमों के संबंध में निर्णय/आदेश जारी किये जाते हैं।

शासनादेश की अनुमन्यता- संबंधित शासनादेशों की प्रतियॉ उरेडा में उपलब्ध हैं।

उरेडा की सेवा नियमावली, विभिन्न संयत्रों के तकनीकी मानकों के निर्धारण हेतु अनुबंधों, मैमोरण्डम आफ ऐसोसिएसन की प्रतियॉ संलग्न हैं।

वर्ष **2007-2008** के अन्तर्गत अनुमादित योजनाओं की वित्तीय/भौतिक प्रगति ।

सोलर थर्मल

(अ) डिश टाईप सोलर कुकर

इस योजना में कुल रू0 11.50 लाख का बजट जिला योजना में स्वीकृत हुआ इसके सापेक्ष कुल 215 नं0 डिश टाईप सोलर कुकरों का भौतिक लक्ष्य निर्धारित था। निर्धारित लक्ष्यं की शत-प्रतिशत पूर्ति कर सम्पूर्ण धनराशि का उपभोग किया गया है।

(ब) सोलर वाटर हीटर

(1) विभिन्न जनपदों की जिला योजना में कुल रू0 27.20 लाख का बजट जिला योजना में स्वीकृत था इसके सापेक्ष 9400 लीटर प्रतिदिन क्षमता के संयंत्रों का भौतिक लक्ष्य निर्धारित है इसके सापेक्ष 9400 लीटर प्रतिदिन क्षमता के संयंत्रों की स्थापना एवं कुल रू0 27.20 लाख का उपभोग किया गया है।

(2) सोलर वाटर हीटर संयंत्रों की स्थापना पर लाभार्थी को राज्य बजट से राज्य सहायता दिये जाने की योजना 01 जनवरी,2008 के पश्चात स्थपित संयंत्रों पर दिये जाने की योजना है। इस हेतु रूपये 29.66 लाख का बजट माह मार्च,2008 में स्वीकृत हुआ है। इससमें से रू0 3.60 लाख की धनराशि गत वर्ष सोलर थर्मल मद में जिलायोजनार्गत व्यय हो चुकी धनराशि को समायोजित की गई है एवं अवशेष रू0 26.06 लाख का उपभोग स्थापित संयंत्रों के लिए अनुमन्य राज्य सहायता म करनें की कार्यवाही प्रगति पर है।

(स) सोलर ड्रायर

जनपद हरिद्वार में जिला योजनान्तर्गत 03.90 लाख की धनराशि का प्राविधान किया गया था जिसके सापेक्ष माह मार्च, 2008 में धनराशि रू0 03.50 बजट माह मार्च,2008 में स्वीकृत हुआ है। जिसके सापेक्ष संयंत्रों हेतु जिलाधिकारी हरिद्वार से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में जिला योजना से अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 04 नं0 सोलर ड्रायर की स्थापना की गई है।

वर्ष **2008-2009** के अन्तर्गत अनुमादित योजनाओं की वित्तीय/भौतिक प्रगति ।

1- **(अ) डिश टाईप सोलर कुकर-** ऐसे विद्यालयों का चयन किया जाय जिनमें सोलर कुकर से खाना बनाने हेतु पर्याप्त धूप आती हो एवं सोलर कुकर स्थापना हेतु प्र्याप्त उपयुक्त स्थल उपलब्ध हो।

2- एक कुकर से **05** लीटर क्षमता के प्रे8ार कुकर में भोजन तैयार किया जाता है एवं सामान्य परिस्थितियों में एक कुकर से एक से अधिक व्यंजन नहीं तैयार किया जा सकता। इस प्रकार प्रति विद्यालय छात्र संख्या के दृष्टिगत ही वहॉ मध्याहन भोजन तैयार करने हेतु आवश्यक सोलर कुकर की संख्या का निर्धारण करें। यहॉ यह भी सूनि8चत कर लें कि विद्यालय में वांछित सोलर कुकर हेतु उपयुक्त स्थल उपलब्ध है। इसमें प्रयास यह होना चाहिए कि कम छात्र संख्या वाले अधिक विद्यालयों का चयन किया जा सके, जिससे कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार हो।

3- एस.सी.पी. के अर्न्तगत प्राविधानित धनराशी के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष संयत्रों की स्थापना उन्ही विद्यालयों में की जाय, जहां समबन्धित श्रेणी के छात्रों की बहुलता हो एवं इस बिन्दु पर जिला शिक्षा अधिकारी की स्पष्ट संस्तुति के अनुरूप कार्यवाही की जाय।

4- प्रत्येक चयनित विद्यालय में सोलर कुकर एवं वैकल्पिक ऊर्जा से समबन्धित प्रचार सामग्री लिखने हेतु लगभग 8* x 6* का स्थल दीवार पर उपलब्ध हो जहां पर छात्र/विद्यालय के आगन्तुक इसे पढ सकें एवं कार्यक्रम का व्यापक प्रचार हो सके।

<u>बाक्स टाईप सोलर कुकर कार्यक्रम हेतु दिशा-निर्देश</u>

वित्तीय वर्ष 2008-09 में सोलर कुकर का विक्रय निम्नानुसार दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जायेगा :-

1. सोलर कुकर परियोजना कार्यालयों, डीलर नेटवर्क, स्वरोजगार कार्यकर्ताओं एवं आदित्य सोलर भाप/सोलर काउन्टर के माध्यम से विक्रय किए जायेंगे।
2. वरिष्ठ परियोजना अधिकारियों/परियोजना अधिकारियों/प्रभारी द्वारा इसके अतिरिक्त जनपद के मुख्य शहरों में दुकानों को डीलर के रूप चयनित कर उनका समन्वय आदित्य सोलर भाप के साथ कराकर, डीलर नेटवर्क के माध्यम से भी कुकर्स विक्रय किए जा सकते हैं।
3. सोलर कुकर्स का विक्रय स्वरोजगार कार्यकर्ताओं के माध्यम से कराये जाने के अधिकाधिक प्रयास किए जायेंगे, जिसके लिए स्थानीय स्तर पर इच्छुक बेरोजगार युवकों को सम्मिलित किया जायेगा। स्वरोजगार कार्यकर्ता द्वारा लोगों को सोलर कुकर की जानकारी प्रदान करते हुए इच्छुक लोगों को सोलर कुकर बुकिंग कराते हुए परियोजना कार्यालय के माध्यम से उन्हें सोलर कुकर्स दिलवाये जायेंगे। बी0आई0एस0 मार्क अथवा रीजनल टैस्टिंग सेन्टर से प्रमाण-पत्र प्राप्त सोलर कुकर्स पर डीलर नेटवर्क के माध्यम से विक्रय पर रू0 50/- प्रति कुकर एवं स्वरोजगार कार्यकर्ता के माध्यम से सोलर कुकर विक्रय पर रू0 100/- प्रति कुकर की दर से प्रोत्साहन धनराशी उरेडा द्वारा दी जायेगी, परन्तु एक कुकर पर एक ही प्रकार का इन्सेन्टिव देय होगा।
4. डीलर नेटवर्क अथवा स्वरोजगार कार्यकर्ताओं के माध्यम से सीधे विक्रय सोलर कुकर्स का शत्त-प्रतिशत भौतिक सत्यापन परियोजना कार्यालय के द्वारा करने के उपरान्त ही इन्सेन्टिव की धनराशी अवमुक्त की जायेगी। सूची में डीलर/स्वरोजगार कार्यकर्ता का नाम संलग्न निर्धारित रूप पत्र पर अकिंत करने के साथ, उक्त 'सोलर कुकर के विक्रय का शत्त-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया गया ' अकिंत किया जाना आवश्यक होगा। प्रत्येक माह के अन्त में लाभार्थी सूची, अवमुक्त इन्सेन्टिव धनराशी का विवरण उरेडा मुख्यालय को भेजा जायेगा।
5. सोलर कुकर्स की रिपेयर्स सुविधा जनपद स्तर पर उपलब्ध कराने के लिये पूर्व में सर्विस सैन्टरों की स्थापना की कार्यवाही की गई थी। इन सैन्टर्स की सूची, नाम, पता सहित मुख्यालय प्रेषित की जाय एवं यदि सर्विस सैन्टर स्थापित/सुचारू रूप से क्रियाशील नहीं है, तो नये सर्विस सैन्टर की स्थापना हेतु उपयुक्त दुकान का चयन कर मुख्यालय सूचना प्रेषित करें।
6. परियोजना अधिकारी द्वारा सोलर कुकर्स के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रमुख स्थलों पर, मेलों आदि पर सोलर कुकर्स का सजीव प्रदर्शन कराया जायेगा, जिसके लिए परियोजना अधिकारी जिला प्लान में प्रदर्शनी प्रचार/प्रसार मद में धनराशी का उपयोग करेंगे।
7. सोलर कुकर को ग्रामीण क्षेत्र में अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए परियोजना अधिकारी द्वारा विषेश प्रयास किए जायें। क्रेता ग्रामीणों को सोलर कुकर के उपयोग की विधि से अच्छी तरह परिचित कराया जाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी सजीव प्रदर्शन कराया जाए।

प्रत्येक माह में सोलर कुकर्स की लाभार्थी सूची संलग्न प्रारूप पर, उरेडा मुख्यालय प्रेषित की जायेगी। प्रेषित सूची के अनुसार विक्रय सोलर कुकर्स के भौतिक सत्यापन में त्रुटि के लिए सम्बन्धित परियोजना अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

उरेडा द्वारा सोलर वाटर हीटर की स्थापना पर देय अनुदान हेतु निर्धारित दिशा-निर्देश

1 सोलर वाटर हीटर संयंत्रों की स्थापना पर घरेलू उपयोग हेतु रू0 6000/- प्रति 100 लीटर प्रतिदिन क्षमता की दर से, पंजीकृत/अव्यवसायिक संस्थानों को रू0 3800/- प्रति 100 लीटर प्रतिदिन क्षमता की दर से एवं व्यवसायिक संस्थानों को रू0 4350/- प्रति 100 लीटर प्रतिदिन क्षमता की दर से उरेडा द्वारा राज्य सरकार बजट से अनुदान देय होगा।

2 क्रम सं0 1 पर अनुमन्य अनुदान सोलर वाटर हीटर संयंत्रों की स्थापना पर MNRE Approved भारत सरकार द्वारा अनुमन्य ब्याज ऋण अनुदान/पंजीगत अनुदान (जहाँ जैसी स्थिति हो) के अतिरिक्त देय होगा।

3 यह अनुदान उन संयंत्रों पर देय होगा जिनमें बी0 आई0 एस0 Approved फ्लेट प्लेट सोलर कलेक्टर अथवा MNRE Approved ETC टाईप कलेक्टर स्थापित हो।

4 संयंत्र की क्षमता की गणना करते समय 100 लीटर प्रतिदिन क्षमता के संयंत्र पर फ्लेट प्लेट कलेक्टर की स्थिति में कम से कम 2.00 वर्ग मीटर कलेक्टर एरिया का कलेक्टर एवं ETC टाईप कलेक्टर पर कम से कम 15 ट्यूब युक्त कलेक्टर होना चाहिये।

5 सोलर वाटर हीटर के अन्य अवयवों की विशिष्ठियां उरेडा द्वारा सोलर वाटर हीटर संयंत्रों हेतु निर्धारित विशिष्ठियों के अनुरूप होनी चाहिए।

6 इस योजना के अन्तर्गत अनुदान उन्हीं निर्माताओं/आपूर्तिकताओं द्वारा स्थापित संयंत्रों पर देय होगा जो उरेडा में सूचीबद्ध होंगे। उरेडा में सूचीबद्ध निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं की सूची पृथक से प्रेषित की जायेगी एवं इससे समय-समय पर संशोधन होने पर तद्नुसार अवगत कराया जायेगा।

7 इस योजना से अनुदान प्रदान करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(अ) लाभार्थी द्वारा सोलर वाटर हीटर स्थापना के पश्चात निर्धारित प्रारूप (संलग्नक-1) पर अनुदान हेतु प्रस्ताव उरेडा को प्रस्तुत किया जायेगा। इसके साथ उपभोक्ता को संयंत्र आपूर्तिकर्ता फर्म से प्राप्त बिल की प्रति अपने विद्युत संयोजन के सापेक्ष भुगतान किये गये नवीनतम बिल की प्रति बिल के भुगतान किये जाने के प्रमाणों/रसीद सहित संलग्न करनी होगी इसके साथ इस आशय का शपथ पत्र " कि मेरे द्वारा पूर्व में सोलर वाटर हीटर स्थापना पर कोई अनुदान प्राप्त नह किया है एवं मेरे द्वारा इस संयंत्र को कार्यशील रखकर गर्म पानी का नियमित उपयोग किया जायेगा एवं बिना उरेडा की पूर्व अनुमति के अनयन्त्र हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा, ऐसा करने पर उरेडा द्वारा दिया गया अनुदान वापस लिया जा सकता है। " रू0 100/- के नान ज्यूडिश्यिल स्टैम्प पेपर पर प्रस्तुत करना होगा।

(ब) उरेडा के जनपदीय वरिष्ठ परियोजना अधिकारी/परियोजना अधिकारी द्वारा संयंत्र का भौतिक सत्यापन कर उसे निर्धारित तकनीकी विशिष्ठियों के अनुरूप ठीक पाये जाने पर तद्नुसार प्रमाणित करते हुए रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर संयंत्र के कम से कम दो फोटो ग्राफस सहित मुख्यालय प्रेषित की जायेगी। इस रिपोर्ट के साथ संयंत्र स्थापित कर्ता फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल एवं शपथ पत्र की प्रमाणित पत्र की प्रति प्रेषित की जायेगी। फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल, स्थापित संयंत्र कलेक्टर का प्रकार निर्माता फर्म का नाम एवं ETC कलेक्टर की दशा में ट्यूब की संख्या इत्यादि अंकित होनी चाहिए।

8 उरेडा के समबन्धित जनपदीय अधिकारी द्वारा संयंत्र का निरीक्षण कर उपरोक्तानुसार देय अनुदान की संस्तुति करते हुए प्रस्ताव उरेडा मुख्यालय प्रेषित किया जायेगा ।

9 उरेडा मुख्यालय स्तर से प्रस्ताव का परीक्षण कर अनुमन्य धनराशी समबन्धित परियोजना कार्यालय को अवमुक्त की जायेगी जिसे परियोजना कार्यालय से समबन्धित लाभार्थी को उपलब्ध कराया जायेगा।

10 संयंत्रों की स्थापना के पश्चात उत्तरांचल पावर कारपोरेशन द्वारा उपभोक्ता को उसके विद्युत बिल में रू0 75/- प्रति 100 लीटर प्रतिदिन क्षमता पर माह की अनुमन्य छूट के समबन्ध में लाभार्थी की ओर से आव6यक प्रस्ताव उत्तराँचल पावर कारपोरेशन को प्रेषित किये जाने हेतु लाभार्थी को समुचित जानकारी देने की कार्यवाही परियोजना कार्यालय स्तर से की जायेगी ।

11 स्थापित संयंत्रों पर MNRE भारत सरकार द्वारा अनुदान देय होने की स्थिति में तत्समबन्धी प्रस्ताव भी राज्य सरकार से देय अनुदान के प्रस्ताव के साथ मुख्यालय प्रेषित किया जाय। MNRE द्वारा वर्ष 2007-08 में देय पजीगत अनुदान से समबन्धित MNRE भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही ळें

12 उरेडा द्वारा राज्य सरकार बजट से अनुदान दिनांक 01 जनवरी, 2008 अथवा उसके पश्चात स्थापित संयंत्रों पर देय होगा ।

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा)

वर्ष **2007-08** में सोलर वाटर हीटर संयंत्रों की स्थापना हेतु एम**0**एन**0**ई**0**एस**0** भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का संक्षिप्त विवरण :-

1- 2007-08 में एम0एन0ई0एस0 द्वारा संयत्रों की स्थापना पर कोई पूंजीगत अनुदान अनुमन्य नहीं है।

2- संयत्रों की स्थापना हेतु इरेडा के द्वारा (एम0एन0ई0एस0 के कार्यक्रमानुसार) बैकों, वित्तीय संस्थाओं आदि के माध्यम से संयंत्र की लागत का 85 प्रतिशत तक ऋण दिया जायेगा। जिन पर घरेलू उपयोग हेतु 02 प्रतिशत, संस्थागत उपयोग हेतु जहॉ मूल्य ह्रास का लाभ नहीं लिया जा रहा है 03 प्रतिशत एवं उद्योगों/वणिज्यिक संस्थानों जहॉ मूल्य ह्रास का लाभ लिया जा रहा है 05 प्रतिशत ब्याज देय होगा। शेष ब्याज धनराशी एम0एन0ई0एस0 द्वारा ऋण ब्याज अनुदान के रूप में देय होगी।

3- इस ऋण का भुगतान 5 वर्षों में करना होगा।

4- ऋण BIS Approved फ्लैट प्लेट कलैक्टर एवं M.N.E.S. Approved ETC ; युक्त क्लैक्टर हेतु अनुमन्य है।

5- बैंक/वित्तीय संस्थानों को प्रत्येक ऋण प्रकरण पर रू0 200.00 का सविर्स चार्ज एम0एन0ई0एस0 द्वारा देय है।

6- इरेडा द्वारा स्वीकृत संयत्रों की सूचना राज्य की नोडल एजेन्सी को दी जायेगी। जिसका अनुश्रवण प्रथम वर्ष में संयंत्र का कम से कम भ्रमण करने पर नोडल एजेन्सी को रू0 50.00 प्रति वर्ग मीटर कलैक्टर एरिया देय होगा।

7- एम0एन0ई0एस0 भारत सरकार द्वारा बिजनेस मीट, ट्रेनिंग कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार हेतु भी धनराशी अनुमन्य की जायेगी।

एम0एन0ई0एस0 की नीतियों/दिशा-निर्देशों की प्रति भी संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

लीलाधर शर्मा
वरिष्ठ परियोजना अधिकारी

उत्तराचंल अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण
ऊर्जा पार्क परिसर इण्डस्ट्रियल एरिया, पटेल नगर, देहरादून।
फोनः- 0135-2521386, 2521387 फैक्स :- 0135-2521553
ई-मेल :. ureda@rediffmail .com
संख्या 2731 /2006/उरेडा-2(1)-79/2006
दिनाँकः- 08 सितम्बर, 2006

सेवा में,
प्रभारी,
उरेडा-अल्मोडा।

महोदय,

जनपद अल्मोडा के विकासखण्ड सल्ट, भिक्यासेंण आदि क्षेत्रों में मिर्च की अधिकता के दृष्टिगत कृषकों को मिर्च तथा अन्य उत्पादों को सुखाने के लिए सोलर ड्रायर अनुदान पर देने की योजना पायलट आधार पर संचालित करने एवं प्रथम चरण में क्षेत्र में 50 कि.ग्रा. क्षमता के 15 नं0 सोलर ड्रायर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

50 कि0ग्रा0 क्षमता के सोलर ड्रायर की आपूर्ति/स्थापना लागत रू0 80,000/- है। इससे संबन्धित फर्म से हुए अनुबन्ध की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। इस पर 90 प्रतिशत अनुदान उरेडा द्वारा तथा 10 प्रतिशत धनराशी लाभार्थी द्वारा वहन की जायेगी। आपूर्तिकर्ता फर्म को समस्त संयत्रों की स्थापना 30 सितम्बर, 2006 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सोलर ड्रायर हेतु लाभार्थी चयन कर संयंत्र की स्थापना करायी जानी है। लाभार्थी चयन में मुख्यतया ध्यान में रखा जाय कि लाभार्थी क्षेत्र का कृषक हो एवं मिर्च तथा इस प्रकार की अन्य फसलों, जिनको सुखाने के लिए ड्रायर अधिक उपयोगी हो सकता है, की खेती करता है। सोलर ड्रायर्स के उपयोग में उसकी रूचि हो एवं लाभार्थी अंशदान देने को सहमत हो।

यह कार्यक्रम प्रथम बार संचालित किया जा रहा है। इस कारण लाभार्थी चयन में विषेश सावधानी रखने की आव6यकता है, जिससे सोलर ड्रायर के अधिक से अधिक उपयोग के साथ ही जन-साधारण में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो एवं लोगों को इसकी उपयोगिता के बारे में अधिक से अधिक जानकारी मिल सके। इसके दृष्टिगत लाभार्थी चयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों यथा मा0 सदस्य/प्रधान ग्राम पंचायत, मा0 सदस्य/प्रमुख क्षेत्र पंचायत, मा0 सदस्य/अध्यक्ष जिला पंचायत, मा0 विधायकों आदि का सहयोग भी लिया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि शीघ्रति शीघ्र लाभार्थी चयन कर उपरोक्तानुसार 15 नं0 सोलर ड्रायर्स की स्थापना सुनिश्चत करने की कार्यवाही करें।

संलग्नक :- उपरोक्तानुसार।
भवदीय

(लीलाधर शर्मा)
वरिष्ठ परियोजना अधिका उरेडा।

सी0 भाष्कर
निदेशक

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण
ऊर्जा पार्क परिसर इण्डस्ट्रियल एरिया, पटेल नगर, देहरादून।
फोनः- 0135-2521386,2521387, फैक्सः-0135 2521553
संख्या 1633/2007/उरेडा-2(1)-104/2007-08
दिनाँकः- 26 सितम्बर,2007

सेवा में,

संबन्धित वरि**0** परि**0** अधि**0**/परि**0** अधिकारी
उरेडा-उत्तराखण्ड।

महोदय,

वर्ष **2007-08** की जिला योजना में सामुदायिक सोलर कुकर के अन्तर्गत जिला योजना में अनुमोदित धनराशी एवं इसके सापेक्ष निर्धारित लक्ष्यों का विवरण निम्नवत् है :-

क्रम सं0	जनपद	प्राविधानित धनराशी (लाख रूपये में)				निर्धारित लक्ष्य (भौतिक)			
		Total	Gen	SCP	TSP	Total	Gen	SCP	TSP
1	हरिद्वार	0.25	0.20	0.05	0.00	5	4	1	0
2	रूद्रप्रयाग	3.42	2.74	0.68	0.00	64	51	13	0
3	चम्पावत	1.00	0.81	0.19	0.00	18	14	4	0
4	अल्मोडा	6.83	5.60	1.23	0.00	128	105	23	0
योग		11.50	9.35	2.15	0.00	215	174	41	0

इस कार्यक्रम के अर्न्तगत प्राथमिक विद्यालयों में मध्याहन भोजन योजना के अर्न्तगत एमएनआरई**,** भारत सरकार द्वारा अनुमोदित डिश टाइप सोलर कुकर **(SK-14)** की स्थापना मध्याहन भोजन तैयार करने हेतु की जानी है। सोलर कुकर्स की स्थापना हेतु निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए ही जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग/संस्तुति के साथ निम्नानुसार विद्यालयों का चयन किया जाना है :-

ऐसे विद्यालयों का चयन किया जाय जिनमें सोलर कुकर से खाना बनाने हेतु पर्याप्त धूप आती हो एवं सोलर कुकर स्थापना हेतु प्र्याप्त उपयुक्त स्थल उपलब्ध हो।

1. एक कुकर से **05** लीटर क्षमता के प्रेशर कुकर में भोजन तैयार किया जाता है एवं सामान्य परिस्थितियों में एक कुकर से एक से अधिक व्यंजन नहीं तैयार किया जा सकता। इस प्रकार प्रति विद्यालय छात्र संख्या के दृष्टिगत ही वहाँ मध्याहन भोजन तैयार करने हेतु आवश्यक सोलर कुकर की संख्या का निर्धारण करें। यहाँ यह भी सूनिश्चचत कर लें कि विद्यालय में वांछित सोलर कुकर हेतु उपयुक्त स्थल उपलब्ध है। इसमें प्रयास यह होना चाहिए कि कम छात्र संख्या वाले अधिक विद्यालयों का चयन किया जा सके**,** जिससे कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार हो।
2. एस**.**सी.पी. के अर्न्तगत प्राविधानित धनराशी के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष संयत्रों की स्थापना उन्ही विद्यालयों में की जाय**,** जहां सम्बन्धित श्रेणी के छात्रों की बहुलता हो एवं इस बिन्दु पर जिला शिक्षा अधिकारी की स्पष्ट संस्तुति के अनुरूप कार्यवाही की जाय।
3. प्रत्येक चयनित विद्यालय में सोलर कुकर एवं वैकल्पिक ऊर्जा से समबन्धित प्रचार सामग्री लिखने हेतु लगभग 8* X 6* का स्थल दीवार पर उपलब्ध हो जहां पर छात्र/विद्यालय के आगन्तुक इसे पढ सकें एवं कार्यक्रम का व्यापक प्रचार हो सके।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार विद्यालयों का चयन कर चयनित विद्यालयों की सूची आवश्ययक विवरण सहित विलम्बतः **30-10-2007** तक प्रत्येक दशा में उरेडा मुख्यालय में समबन्धित कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चचत करें ताकि ससमय कार्यादेश जारी किया जा सके।

भवदीय
(सी0 भास्कर)
निदेशक, **उरेडा।**

TECHNICAL SPECIFICATION & OTHER REQUIREMENT FOR VARIOUS COMPONENTS OF SOLAR DRYER SYSTEM

1. DRYER CABINET

1. Minimum Size of Solar Dryer cabinet should be as follows -
   (a) Length – 2100 mm, (b) Width – 1200 mm,
   (c) Front height – 475 mm, (d) Back height – 1050 mm
2. Minimum solar window should be 2.2 sq. mts.
3. Minimum drying area should be 3.6 sq. mts.
4. Minimum loading capacity should be 50.00 Kg.
5. Size of M.S. angle/square tube for dryer frame should not be less than 25 mm.x25 mm. and thickness of cabinet sheet should not be less then 22 SWG.
6. Glass Should be of minimum 04 mm thick Toughened. Maximum size of one glass can be 1300 mm x 750 mm. Tilting Angle of Glass must be equivalent to latitude of installation site.
7. Three no. of 12 volt, 10W SPV module shall be fixed to operate 03 no. 75 mm dia D.C. fan.
8. Three no. solar lantern with 12 volt 07 AH. SMF Battery with 05 W CFL shall be supplied along with dryer.
9. Dryer must have at least 03 nos., 75 mm dia size fan to circulate the air.
10. Plugs has to be fixed in dryer to charge lantern also.
11. The dryer must be painted with primer and three coat of enameled (Dull color) paint to make it corrosion proof.
12. Locking arrangement for dryer to be provided.
13. Drying tray must be made of stainless steel, thickness having not less that 24 SWG shall be provided. The tray should have proper air circulation arrangement.
14. 03 x 1.2 kW electric backup system should be incorporated with proper switches and controls with atleast 10 mtr. cable of suitable size.
15. Suitable arrangement such as wheels to be provided for shifting the dryer from one place to other place.
16. Supply of consumable spares for one year to be supplied along with dryer.
17. Temperature gauge indicator, thermostat, switches etc. should be provided to operate the fan at desired temperature between 30 C^0 to 60 C^0.

वर्ष **2008-09** की प्रस्तावित योजनाऐं।

1. बायोऊर्जा कार्यक्रम

1-1 बायोमास वुडस्टोव :- इस कार्यक्रम में कुल रू0 13.00 लाख की धनराशी प्रस्तावित है**,** जिसमें अनुमानित 2080 संख्या वुडस्टोव विभिन्न ग्रामों में**,** जो कि कलस्टर रूप में चयनित यथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम**,** अथवा पूर्व में स्थापित बायोमास ब्रिकेटिंग मशीनों के निकट है**,** में वितरित किया जाना प्रस्तावित है।

1-2 बायोमास गैसीफायर :- वर्ष 2007-08 में बायोमास गैसीफायर मद में बची धनराशी का उपभोग बायोमास स्टोव के वितरण हेतु किया गया है**,** अतः वर्ष 2008-09 में बायोमास गैसीफायर हेतु प्राप्त होने वाले प्रस्तावों की प्रतिपूर्ति हेतु धनराशी बायोमास वुड स्टोव मद में की जानी प्रस्तावित है।

1-3 बायोऊर्जा से विद्युत उत्पादन :- इस योजना हेतु एम**0**एन**0**आर**0**ई**0,** भारत सरकार द्वारा **20** किलोवाट क्षमता के संयंत्रों पर **40** प्रतिशत अधिकतम रू**0 40,000/-** प्रति किलोवाट**, 20** किलोवाट से **100** किलोवाट क्षमता के संयंत्रों पर **40** प्रतिशत अधिकतम रू**0 35,000/-** प्रति किलोवाट स्थापित क्षमता एवं **100** किलोवाट क्षमता से अधिक के संयंत्रों पर **40** प्रतिशत अधिकतम रू**0 30,000/-** प्रति किलोवाट स्थापित क्षमता की दर से केन्द्रीय सहायता अनुमन्य है। इन संयंत्रों पर केन्द्रीय सहायता के समतुल्य सहायता राज्य बजट से दी जानी प्रस्तावित है।

2. सौर ऊर्जा कार्यक्रम:

2.1 सोलर थर्मल

2.1.1. डि**श** टाईप सोलर कुकर :- इस योजना हेतु वर्ष **2008-09** की वार्षिक योजना में जिला योजनान्तर्गत रू**0 20.860** लाख का बजट अनुमोदित है। इस सयंत्र पर रू**0 1500/-** प्रति कुकर केन्द्रांश का अनुदान भारत सरकार द्वारा दिया जाता है**,** अवशेष धनराशी राज्यांश से वहन कर वर्ष **2008-09** में संयंत्र प्राथमिक विद्यालयों में मध्याहन भोजन तैयार करने हेतु स्थापित किये जाने प्रस्तावित है।

2-1-2 सोलर वाटर हीटर :- इन संयंत्रों पर एम**0**एन**0**आर**0**ई**0,** भारत सरकार द्वारा देय अनुदान के अतिरिक्त राज्य बजट से पूर्व में दी जा रही अनुदान धनराशी निजी उपयोगकर्ताओं को रू**0 6,000/-** प्रति **100** ली**0**/प्रतिदिन क्षमता**,** पंजीकृत गैर व्यवसायिक प्रति6ठानों को **रू**0 4350/- प्रति **100** ली**0**/प्रतिदिन क्षमता की दर से अनुदान प्रस्तावित है।

2-1-2- सोलर ड्रायर :- राज्य में कृषकों को कृषि/फल उत्पादों को सुखाने हेतु सोलर ड्रायर अनुदान पर दिये जाने की योजना है**,** इसमें **10** प्रतिशत लाभार्थी से लेकर अवशेष धनराशी केन्द्र/राज्य सरकार से वहन की जानी प्रस्तावित है। एम**0**एन**0**आर**0**ई**0,** भारत सरकार द्वारा ड्रायर हेतु इसकी लागत का **50** प्रतिशत धनराशी केन्द्रीय सहायता के रूप में दिये जाने का प्राविधान है**,** शेष राज्य सहायता के रूप म वहन की जानी प्रस्तावित है ।

2.2 सोलर फोटोवोल्टाईक- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मात्र जिला योजना में रू**0 360.27** लाख धनराशि का बजट प्राविधान है**,** जिसके सापेक्ष रू**0 359.024** लाख की योजनाऐं जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समितियों द्वारा अनुमोदित हैं। सोलर फोटोवोल्टाईक कार्यक्रमों के अन्तर्गत निम्नानुसार योजनाऐं प्रस्तावित हैं:-

2.2.1. केन्द्रांश के सापेक्ष संचालित योजनाऐं- इस कार्यक्रम में सोलर धरेलू बत्ती, सोलर स्ट्रीट लाईट एवं सोलर लालटेन कार्यक्रम संचालित किए जाने हैं। इन संयत्रों हेतु पूर्व निर्धारित दरों की वैधता दिनांक 31.3.2008 को समाप्त हो जाने के कारण वित्तीय वर्ष 2008-09 में उपरोक्त सभी संयत्रों हेतु निविदाऐं आमंत्रित कर दरें निर्धारित किए जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। शासन के निर्देशों

के अनुरूप केन्द्रपोषित योजनाओं का क्रियान्वयन केन्द्रांश की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त कराया जाना है, सामान्यतया केन्द्रांश की स्वीकृति वित्तीय वर्ष के तृतीय एवं चतुर्थ त्रैमास में प्राप्त होती है। अतः इन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति के विचारारार्थ प्रस्तुत हैः-

अ. सोलर घरेलू बत्ती एवं स्ट्रीट लाईट- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रमशः रू**0 159.75** लाख एवं रू**0 76.34** लाख राज्यांश का प्राविधान प्रदेश में निर्मित इन्दिरा आवासों एवं निकटवर्ती मार्गो पर वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था के लिए किया गया है। संयत्रों की स्थापना हेतु केन्द्र के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन संयत्रों की स्थापना शहरी एवं अविद्युतीकृत क्षेत्रों को छोडकर अन्य क्षेत्रों में की जानी है। संयत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कुल धनराशि के सापेक्ष केन्द्रांश के अतिरिक्त आवश्यक राज्यांश की पूर्ति प्राविधानित बजट धनराशि में से की जानी है। सोलर घरेलू बत्ती संयत्रों हेतु प्रत्येक इन्दिरा आवास के लाभार्थी से रू**0 500/-** का लाभार्थी अंश प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव है। केन्द्रांश की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त इस कार्यक्रम को संचालित किए जाने की दशा में होने वाले विलम्ब के दृष्टिगत यह प्रस्तावित है कि वर्तमान में केन्द्र के अंश की पूर्ति भी बजट में प्राविधानित राज्यांश से करते हुए उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत योजना प्रारम्भ करा दी जाय एवं केन्द्र से स्वीकृति प्राप्त होने की दशा में आवश्यक राज्यांश की पूर्ति हेतु, वर्तमान में सम्पूर्ण राज्यांश से संचालित की जाने वाली योजना से राज्यांश की धनराशि का समायोजन करते हुए अतिरिक्त संयत्रों की स्थापना कराई जाय।

ब. सोलर लालटेन- विगत वर्षो से यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अविद्युतीकृत ग्रामों/तोकों में वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था हेतु क्रियान्वित किया जा रहा है। संयत्रों हेतु देय केन्द्रांश के अतिरिक्त विभिन्न वर्गो के लाभार्थियों हेतु पृथक-पृथक अनुदान का निर्धारण राज्य सरकार द्वारा भी किया गया है। इस कार्यक्रम में प्राविधानित राज्यांश रू0 92.24 लाख के समय से उपभोग हेतु भी यह प्रस्तावित है कि वर्तमान में केन्द्र के अंश की पूर्ति भी बजट में प्राविधानित राज्यांश से करते हुए उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत योजना प्रारम्भ करा दी जाय एवं केन्द्र से स्वीकृति प्राप्त होने की दशा में आवश्यक राज्यांश की पूर्ति हेतु, वर्तमान में सम्पूर्ण राज्यांश से संचालित की जाने वाली योजना से राज्यांश की धनराशि का समायोजन करते हुए अतिरिक्त संयत्रों की स्थापना कराई जाय।

उक्त योजनाओं में केन्द्र से भौतिक लक्ष्यों की स्वीकृति राज्य की धनराशि से स्थापित संयत्रों की संख्या से कम होने की दशा में अवशेष स्थापित संयत्रों का सम्पूर्ण अंश राज्यांश से ही वहन होगा। इस संबंध में शासन से भी अनुमोदन प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है।

2.2.2 राज्यांश से संचालित योजनाऐं- इस कार्यक्रम में सोलर पम्प हेतु रू0. 10.00 लाख एवं सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना एवं अनुरक्षण हेतु 20.00 लाख की धनराशि प्राविधानित है। प्रस्तावित योजनाओं हेतु निविदाओं के आधार पर दरें निर्धारित करते हुए योजनाऐं संचालित की जानी हैं।

4. पवन ऊर्जा

4.1 विण्ड मानीटरिंग :- राज्य में वायु बाहुल्य स्थलों पर वायु वेग मापन हेतु/विण्ड मैपिंग हेतq MNRE भारत सरकार द्वारा केन्द्र पोषित विण्ड मानीटरिंग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें 80: धनराशि केन्द्र सरकार 20: राज्य सरकार वहन की जानी है। इस योजना का क्रियान्वयन भारत सरकार के निर्देशानुसार C-WAT, चेन्नई द्वारा किया जा रहा है। पूर्व में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 06 नं0 स्थल पर विण्ड मानीटरिंग स्टेशन स्थापित करनें का कार्य प्रगति पर है एवं अन्य 18 चिन्हित स्थलों पर विण्ड मानीटरिंग स्टेशन स्थपित करनें की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया जा चुका है। 01 विण्ड मानी0 स्टेशन लगभग 7.50 लाख का व्यय आता है इस प्रकार प्रति विण्ड रूप 1.50 लाख राज्यांश वहन किया जाना प्रस्ताव है वर्ष 2008-09 में इस हेतु रू0 5.00 लाख बजट प्राविधानित है। भारत सरकार से अतिरिक्त स्थलों की स्वीकृति प्राप्त होने पर तद्नुसार अतिरिक्त राज्यांश हेतु अनुरोध किया जायेगा।

5. लघु जल विद्युत ऊर्जा कार्यक्रम :-

5-1 लघु जल विद्युत योजना- वित्तीय वर्ष 2008-09 में कुल 250 किलोवाट क्षमता की जल विद्युत योजनाओं की स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। जनमें 25 एवं 50 किलोवाट क्षमता की 05 इकाईयों सम्मिलित हैं। इन योजनाओं हेतु प्रथम चरण में कुल रू0 7,55,55,000/- लागत के सापेक्ष राज्यांश रू0 6,95,97,000 में से रू0 1,16.00 लाख राशि व्यय किया जाना प्रस्तावित है। योजनाओं का विवरण संलग्नक-2 पर प्रस्तुत है।

5-2 घराट कार्यक्रम- वित्तीय वर्ष 2008-09 में कुल 200 घराटों की स्थापना प्रस्तावित है, इस योजना पर रू0 6,000/- प्रति घराट के आधार पर रू0 12.00 का व्यय राज्यांश से प्रस्तावित है, इन योजनाओं पर रू0 1,00,000/- प्रति इलेक्ट्रो/मैकेनिकल घराट केन्द्र द्वारा वहन की जाती है। तथा मैकेनिक घराटों हेतु रू0 30000/- की वित्तीय सहायता अनुमन्य की जाती है।

5-3 सर्वेक्षण/डी0पी0आर0/विशेषज्ञ सेवाऐं- लघु जल विद्युत योजनाओं के सर्वेक्षण, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, एवं पर्यवेक्षण, विशेषज्ञ सेवाओं हेतु रू0 22.00 लाख के व्यय का प्रस्ताव है, जिसमें से शासन द्वारा ए0एच0ई0सी0 रूडकी को विशेषज्ञ सेवाओं के लिए रू0 15,00,000/- का भुगतान भी सम्मिलित है।

6. ग्रामीण ऊर्जा तकनीकी कार्यक्रम

6-1 सौर चरखा :- राज्य की सीमान्त जनपदों (चमोली, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ एवं अल्मोडा) में रेशम, ऊन एवं सूत की कताई हेतु ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन एवं ऊर्जा की बचत के दृष्टिगत सुधारित ग्रामीण प्रौद्योगिकी हेतु इस वर्ष लगभग 74 सौर चरखों की स्थापना का कार्य प्रस्तावित है, जिस हेतु कुल रू0 25.00 लाख की धनराशि का प्राविधान है।

6-2 बुलक आप0 बहुद्देशीय संयत्र :- सुधारित ग्रामीण प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत वह किसान, जो कि ट्रैक्टर क्रय नही कर सकते हैं, लाभार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के दृष्टिगत बूलक ड्रान ट्रैक्टर जनपद उधमसिंह नगर, हरिद्वार, चम्पावत एवं देहरादून में वितरित किये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत कुल रू0 10.00 लाख की धनराशि से 33 संख्या संयंत्र वितरित किये जाने प्रस्तावित है।

6-3 विनोइंग फैन- जिला योजना के अन्तर्गत रू0 0.18 लाख का प्राविधान किया गया है, जिसके अन्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर ओसाई पंखे संयत्रों का वितरण प्रस्तावित है।

डा0एम0सी0 जोशी
निदेशक

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण(उरेडा)
ऊर्जा पार्क परिसर इण्डस्ट्रियल एरिया, पटेल नगर, देहरादून।
फोन न0:- 0135.2521386,87

संख्याः- 70 /उरेडा/बा0स्टोव/06-07
दिनाँकः- 09 अप्रैल, 2007

समस्त वरि0/परि0अधिकारी/प्रभारी,
उरेडा उत्तराखण्ड ।

ग्रामीण क्षेत्रों में साधारणतयाः एक परिवार द्वारा प्रतिदिन 10 किलोग्राम लकडी ईधन के रूप में उपयोग की जाती है, इसप्रकार प्रति परिवार एक वर्ष में अनुमानतः 3650 किलोग्राम लकडी ईधन के रूप में प्रयोग होती है, जिसकारण प्रतिवर्ष 2.4 हेक्टेयर वनक्षेत्र पर दबाव पडता है। प्रतिदिन प्रत्येक परिवार से एक महिला जगंल से ईधन एंव चारा इकटठा करने में लगभग 03-04 घण्टे खर्च करती है। महिलाये साधारणतयाः सप्ताह में 04 दिन ईधन एंव चारा इकटठा करने के लिये जगंल में जाती है, यह कार्य बारिश के मौसम को छोडकर कर वर्षभर कुल 08 महिनों में पूरा किया जाता है। महिलायें एक वर्ष में ईधन एंव चारा इक्टठा करने में लगभग 512 घण्टे खर्च करती है, फिर भी ईधन की आवश्यकतायें पूरी नही होती, जिसका परिणाम महिलाओं पर कार्यबोझ एवं जंगलों पर दबाव है।

यह अनुमान है कि बायोमास ब्रिकेट्स की समान मात्रा का प्रयोग करने से प्रति परिवार 60-90 प्रतिशत लकडी की बचत की जा सकेगी, इसप्रकार यह आँका गया है कि एक परिवार के द्वारा एक वर्ष में 2.55 मीट्रिक टन लकडी की ईधन के रूप में बचत की जा सकती है। ईधन और चारा की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उर्जा वृक्षारोपण की बडे पैमाने पर आवश्यकता है।

ग्रामीण क्षेत्र में बायोमास ब्रिकेट्स का उपयोग, जहाँ जगलों के ऊपर पडने वालें दबाव को कम करेगा, साथ ही इसका प्रभाव भविष्य में पर्यावरण को बचाने में भी सहायक होगा।

आईआरईपी कार्यक्रम के अन्तर्गत ऊर्जा सर्वेक्षण हेतु चयनित ग्राम समूहों एंव ब्रिकेट निर्माताओं के निकटवर्ती ग्रामों में अनु0जाति/अनु0जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रति ग्रांम में न्यूनतम 60-75 प्रतिशत परिवारों को बायोमास वुडस्टोव का वितरण किया जाना प्रस्तावित ह। इस बायोमास स्टोव में लकडी, कृषि अवशेष, ब्रिकेट्स विभिन्न प्रकार के ईधन प्रयोग किये जा सकते है, ताकि ईधन हेतु लकडी एकत्र करने में समय की बचत, वनो पर दबाव एवं महिलाओं के कार्यबोझ में कमी लाई जा सकें। जनपदवार वुडस्टोव का वर्गवार निर्धारित लक्ष्य, स्टोव का कुल मूल्य, देय अनुदान एवं लाभार्थी अशंदान का विवरण संलग्न किया जा रहा है।

चयनित ग्रामों में बायोमास वुडस्टोवस के वितरण से पूर्व संलग्न प्रारूप ' क ' पर प्रति परिवार व्यय किये जा रहे अनुमानित ईधन की मात्रा, उसका प्रकार एवं होने वाली कठिनाईयों का विवरण अवश्य प्राप्त कर लिया जाये तथा बायोमास वुडस्टोव के वितरण के एक निश्चित अवधि 02 माह उपरान्त प्रति परिवार व्यय किये जा रहे ईधन की अनुमानित मात्रा, ईधन एकत्र करने के समय में कमी, कठिनाईयो में, सुधार इत्यादि का विवरण संलग्नक ' ख ' पर प्राप्त किया जाये, ताकि स्टोव से होने वाले लाभ, समय की बचत, सुविधा, महिलाओं के कार्यबोझ में कमी का आँकलन प्राप्त हो सकें।

वुडस्टोव के लीफलैट, उनका विवरण, प्रयोग करने के सम्बन्ध में एक सी0डी0 सलंग्न कर प्रेषित की जा रही है। आप चयनित अनु0जाति/जनजाति, बाहुल्य ग्रांमों में संलग्न प्रारूप ' क ' पर विवरण प्राप्त कर लाभार्थी सूची, ग्रांम समूह के नाम एंव प्रस्तावित चूल्हों की कुल संख्या की एक स्थान पर डिलिवरी हेतु चयनित स्थल का नाम उरेडा मुख्यालय, आई0आर0ई0पी0 खण्ड को प्रत्येक दशा में दिनांक 30 अप्रैल, 2007 से पूर्व सूचित करना सुनिश्चित करे, ताकि समयानुसार चूल्हों की आपूर्ति पूर्ण कराई जा सकें।

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार।

(डा0एम0सी0 जोशी)
निदेशक

प्रतिलिपिः- निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य विकास अधिकारी/(परियोजना नियंत्रक अधिकारी, उरेडा) .....उत्तराखण्ड ।
2. उप मुख्य परियोजना अधिकारी, आईआरईपी, उरेडा मुख्यालय, देहरादून ।

(डा0एम0सी0 जोशी)
निदेशक

डा0एम0सी0 जोशी
निदेशक

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण(उरेडा)
ऊर्जा पार्क परिसर इण्डस्ट्रियल एरिया, पटेल नगर, देहरादून।
फोन न0:- 0135-2521386, 87
टैलीफैक्सः- 0135- 2521553
संख्याः- 718 /उरेडा/बा0गैसीफायर/2006-07
दिनाँकः- 16 जून, 2007

समस्त वरि0/परि0अधि0/प्रभारी,
उरेडा, उत्तराखण्ड ।

विभिन्न क्षमता के बायोमास गैसीफायर संयत्रों की पायलट आधार पर स्थापना हेतु दरें एंव अनुदान के सम्बन्ध में प्राथमिक रूप से सूचनायें पूर्व में प्रेषित की गई हैं। राज्य सरकार द्वारा श्रेणीवार देय अनुदान का विवरण निम्नवत् है, जिसमें MNRE द्वारा देय अनुदान सम्मिलित होगा :-

1- MNRE, भारत सरकार के पत्र सं0 F.No. 202/I/2007-BM dated 24.04.2007 के द्वारा वर्ष 2007-08 में गैसीफायर संयत्रों पर अनुदान गत् वर्षो की भाँति देय है। थर्मल गैसीफायर संयत्रों पर प्रति 100 kWe (300 kWth) हेतु रू0 2.00 लाख का अनुदान तथा Special Category State के अन्तर्गत उत्तराखण्ड में 20 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान देय है। इस प्रकार 100 kW/300 kWth क्षमता के संयत्रों हेतु रू0 2.40 लाख का अनुदान अनुमन्य होगा। 100 kWe से कम क्षमता के संयत्र हेतु Prorata Basis पर तथा अधिक क्षमता के संयत्रो हेतु Multiple Their of के आधार पर देय होगा ।

2- गैर व्यवसायिक, व्यक्तिगत् लाभार्थी तथा सरकारी शिक्षण संस्थाओं का MNRE अनुदान सहित कुल 90 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य होगा।

3- व्यवसायिक, होटल, गैर सरकारी शिक्षण संस्थायें, ट्रस्ट, आश्रम तथा उद्योगों हेतु MNRE अनुदान सहित कुल 70 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य होगा ।

4- क्षमतावार दरें, श्रेंणीवार अनुदान धनराशि (MNRE अनुदान सहित) तथा लाभार्थी अशंदान का विवरण संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

व्यक्गित होटल, ढाबें, हलवाई, नमकीन, बैकरी, शिक्षण संस्थाओं के होस्टल, मैस, ट्रस्ट, आश्रम, व्यवसायिक होटल एंव उद्योगों में लकडी, तेल, गैस, डीजल, कोयला उपयोग किया जाता है। लाभार्थी संस्थाओं में ईधन की बचत/लाभ/पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिगत् प्राथमिक रूप से यह योजना पायलट आधार पर कार्यान्वित की जायेगी तथा परिणाम उपयुक्त पाये जाने पर योजना का विस्तारीकरण प्रस्तावित है, अतः लाभार्थी चयन से पूर्व लाभार्थी की श्रेणी, संयत्र स्थापना हेतु उपयुक्त स्थल चयन, लाभार्थी के पास बायोमास की उपलब्धता के विषय में पूर्ण परीक्षण तथा संयत्र के उपयोग की सुनिश्चितता के उपरान्त प्रस्ताव उरेडा मुख्यालय को प्रेषित किया जायेगा। MNRE अनुदान हेतु प्रारूप की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। वित्तीय वर्ष में अनुदान की उपलब्धता पर ही संयत्रो की स्थापना सम्भव होगी।

अतः परियोजना/मुख्यालय पर क्रमशः जिला योजना/राज्य योजना में अनुदान धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही प्रस्ताव प्राप्त किये जाय। वर्ष 2006-07 में जनपदवार जिला योजना/राज्य योजना में तथा 2007-08 में राज्य योजना में प्रस्तावित धनराशि का विवरण संलग्न है।

<u>संलग्नकः- उपरोक्तानुसार ।</u>

(डा0एम0सी0 जोशी)
निदेशक

सी0 भास्कर
निदेशक

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा)
ऊर्जा पार्क परिसर इण्डस्ट्रियल एरिया, पटेल नगर, देहरादून।
फोन न0:- 0135.2521386,87
संख्याः- 1297 /उरेडा/बा0गैसीफायर/2006-07
दिनाँकः- 13 अगस्त, 2007

समस्त वरिष्ठ/परि0अधिकारी/प्रभारी
उरेडा, उत्तराखण्ड

थर्मल बायोमास गैसीफायर संयत्रो की अनुदान के अन्तर्गत स्थापना हेतु पूर्व प्रेषित पत्र सं0 718 दिनांक 16 जून, 2007 के द्वारा दिशा-निर्देश एंव दरों का विवरण (अनुदान एंव लाभार्थी अशंदान सहित) प्रेषित किया गया था।

वर्ष 2006-07 एंव वर्ष 2007-08 में उपलब्ध बजट एंव आफ जनपद में संयत्रो की स्थापना हेतु सम्भावनाओं के दृष्टिगत् लक्ष्यों को प्रस्तावित कर संलग्न विवरण प्रेषित किया जा रहा है। आप लाभार्थी की श्रेणी एंव क्षमता के आधार पर अपना प्रस्ताव प्रत्येक दशा में दिनांक 30 अगस्त, 2007 तक उरेडा मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि बजट के अनुसार लक्ष्यों को अन्तिम रूप प्रदान किया जा सकें।

चकि इन संयत्रो पर श्रेणी वार 90 प्रतिशत एंव 70 प्रतिशत अनुमन्य अनुदान में एम0एन0आर0ई0, भारत सरकार का अनुदान भी सम्मिलित है, अतः प्रस्ताव निर्धारित समयावधि में प्रेषित किये जायें, ताकि भारत सरकार से अनुदान की धनराशि प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव ससमय प्रेषित किये जा सकें।

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार।

(सी0 भास्कर)
निदेशक

ए0के0 त्यागी
मुख्य परियोजना अधिकारी

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा)
ऊर्जा पार्क परिसर इण्डस्ट्रियल एरिया, पटेल नगर, देहरादून। फोन न0:- 0135.2521386,87

संख्याः- 1507 /उरेडा/बा0गैसीफायर/2006-07
दिनाँकः- 06 सितम्बर, 2007

वरि0/परि0अधिकारी,
उरेडा, उत्तराखण्ड ।

अभिकरण के पत्र सं0 1297 दिनांक 13 अगस्त, 2007 के द्वारा वर्ष 2006-07 एंव वर्ष 2007-08 में थर्मल गैसीफायर संयत्रो की स्थापना हेतु लाभार्थी की श्रेणी एंव क्षमता के आधार पर प्रस्ताव दिनांक 30 अगस्त, 2007 तक उरेडा मुख्यालय को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। आफ जनपद से प्रस्ताव अप्राप्त है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में निर्देशित किया जाना है कि नियमानुसार चयनित लाभार्थी सें प्रस्ताव प्राप्त कर संलग्न बिन्दुओं पर विवरण सहित प्रस्ताव तत्काल मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि संयत्रों पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता अनुदान हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को ससमय प्रेषित किया जा सकें।

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार ।

(ए0के0 त्यागी)
मुख्य परियोजना अधिकारी

ए0के0 त्यागी
मुख्य परियोजना अधिकारी

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा)
ऊर्जा पार्क परिसर, इण्डस्ट्रियल एरिया विस्तार,
पटेल नगर, देहरादून। फोन न0-0135-2521386, 87
फैक्स न0- 0135-2521553
सं0 1756 /उरेडा/बा0गैसी0/2006-07
दिनांकः 10 अक्टूबर, 2007

समस्त वरि0परि0अधि0/परि0 अधि0/प्रभारी,
उरेडा, उत्तराखण्ड।

विषयः- थर्मल गैसीफायर हेतु लाभार्थियों के चयन के सम्बन्ध में।

थर्मल गैसीफायर संयत्रो की स्थापना हेतु उरेडा मुख्यालय के पत्र सं0 **718** दिनांक **16** जून, **2007** का सन्दर्भ ग्रहण कर। उक्त पत्र में बिन्दु संख्या **02** में अकिंत व्यक्तिगत लाभार्थी के रूप में हलवाई, बेकरी, डेयरी, नमकीन निर्माता इत्यादि (उत्पादन श्रेणी) तथा चाय की दुकान, रेस्टोरैन्ट, होटल, ढाबा, केटरिंग इत्यादि (सेवा श्रेणी), जिनका वार्षिक टर्न ओवर रू0 **10.00** लाख तक हो, को भी गैर व्यवसायिक श्रेणी में रखे जाने के निर्देश हुये है।

अतः तदुनसार लाभार्थियों का चयन जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी/ परियोजना नियत्रक अधिकारी की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति गठित कर किया जायेगा।

1- सामान्य प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, ।

2- जिला समाज कल्याण अधिकारी ।

3- वरि0/परि0अधि0/प्रभारी, उरेडा ।

निर्देशानुसार लाभार्थियों का चयन कर यथाशीघ्र प्रस्ताव मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(ए0के0 त्यागी)
मुख्य परियोजना अधिकारी

प्रतिलिपिः- मुख्य विकास अधिकारी/परियोजना नियत्रक अधिकारी, उरेडा, ...।

(ए0के0 त्यागी)
मुख्य परियोजना अधिकारी

सी0 भास्कर
निदेशक

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण(उरेडा)
ऊर्जा पार्क परिसर, इण्डस्ट्रियल एरिया विस्तार
पटेल नगर, देहरादून। फोन 0:-0135-2521553, 2521386,
टैलीफैक्स न0:- 0135-2521387
सं0 2213 /उरेडा/सो0चरखा/2007-08
दिनांकः- 07 दिसम्बर, 2007

सेवा में,

समस्त मुख्य विकास अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

विषय :- ऊन**,** रेशम एंव सूत की कताई हेतु पारम्परिक चरखें के स्थान पर सौर ऊर्जा द्वारा चालित चरखें की योजना का क्रियान्वयन।

महोदय,

उत्तराखण्ड के सीमान्त जनपदों में विशेषतः जनजाति श्रेणी के पारम्परिक कतकरों द्वारा ऊन की कताई एंव अन्य जनपदों में सभी श्रेणी के कतकरों द्वारा ऊन**,** रेशम व सूत की कताई का कार्य पारम्परिक चरखों द्वारा कर अपना जीविकापार्जन किया जा रहा है। पारम्परिक चरखें की सीमित उत्पादन क्षमता से कतकरों को वाँछित आय प्राप्त नही हो पाती है एंव अत्यधिक श्रम भी करना पडता है।

उपरोक्त के दृष्टिगत उरेडा द्वारा उत्तराखण्ड खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एंव विभिन्न स्वंय सेवी संस्थाओ के सहयोग से "सौर ऊर्जा चालित चरखा" विकसित कर चयनित लाभार्थियों को **90** प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराये जाने की योजना तैयार की गई है। इस नई तकनीक के चरखें से कताई करने पर लाभार्थी द्वारा कम श्रम से अधिक कताई कर आय उपार्जन से अपने जीवन स्तर में सुधार लाया जा सकता है।

वर्तमान तक उरेडा द्वारा जनपद (पिथौरागढ**,** बागेश्वर**,** अल्मोडा**,** उत्तरकाशी एंव चमोली) में कुल **40** चरखों के वितरण से परिलक्षित परिणामों के आधार पर अन्य जनपदों में कताई के कार्यो में लगे कतकरों के जीवन स्तर में सुधार के मध्यनजर अधिक से अधिक कतकरों को लाभान्वित किये जाने का कार्यक्रम है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने जनपद में अधिक से अधिक कतकरों को प्राथमिकता के आधार पर चयन करवाते हुये सौर ऊर्जा चालित चरखों के वितरण कराने हेतु संलग्न दिशा-निर्देशों के अनुसार वरि**0**परि**0**अधि**0**/परि**0**अधि**0**/प्रभारी को अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हुये कतकरों के चयन हेतु जनपद में समीति का गठन कराकर योजना का क्रियान्वयन कराने का कष्ट करें ।

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार (दिशा-निर्देश)।

भवदीय

(सी0 भास्कर)
निदेशक

प्रतिलिपिः- समस्त वरि0परि0अधि0/परि0अधि0/प्रभारी, उरेडा, उत्तराखण्ड को इस निर्देश के साथ कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में योजना के क्रियान्वयन हेतु लाभार्थियों का चयन शीघ्रताशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

निदेशक

सौर ऊर्जा चालित चरखों के लाभार्थी चयन हेतु दिशा-निर्देश

1- इच्छुक पारम्परिक कतकरों (जो कि वर्तमान में कताई का कार्य कर रहे हों) को ही यथा सम्भव सौर ऊर्जा चालित चरखें अनुदान पर उपलब्ध करवायें जायेगें, ताकि पारम्परिक चरखों के स्थान पर सुधारित सौर ऊर्जा चालित चरखों के उपयोग से उनकी दैनिक आय में बढोत्तरी के साथ-साथ उनके जीवन स्तर में सुधार हो सकें।

2- प्राथमिक रूप से उन्ही ग्रामों को प्राथमिकता दी जाये, जहाँ कम से कम 15-20 पारम्परिक कतकर कताई का कार्य कर रहे हों। यथा सम्भव एक ग्राम में कम से कम 05 लाभार्थियों का चयन अवश्य किया जाये, ताकि कार्यक्रम के परिणाम परिलक्षित हो सकें।

3- पारम्परिक कतकरों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य लाभार्थी सौर ऊर्जा चालित चरखा क्रय करना चाहता हो तो उसके द्वारा कताई के कार्य किये जाने एंव संयत्र के पयोग के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से संतुष्ट होने पर ही उसे अनुदान पर चरखा उपलब्ध करवाया जायेगा ।

4- लाभार्थी चयन जिलास्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समीति गठित कर किया जायेगा, जिसमें खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी एंव इस कार्य हेतु इच्छुक स्वंय सेवी संस्था सदस्य के रूप में नामित होगा ।

5- चयनित लाभार्थियों से उनके स्थायी निवास का प्रमाण/राशन कार्ड/वोटर कार्ड एंव खादी ग्रामोद्योग, क्षेत्रीय गॉधी आश्रम, गाम्य विकास विभाग इत्यादि में यदि कोई पंजीकरण हो तो, वह भी प्राप्त किया जाये।

6- पारम्परिक कतकरों/गैर पारम्परिक कतकरों में गरीबी रेखा से नीचे अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति के इच्छुक लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाये, ताकि उनकी आय उपार्जन एंव जीवन स्तर में सुधार की अधिक से अधिक सम्भावनायें हो।

7- जनपद के जिन विकास खण्डों एंव ग्रामों में ऊन/रेशम/सूत की कताई का अधिक कार्य होता हो, उन विकास खण्डो एंव अन्य विकास खण्डो को योजना का पूर्ण विवरण प्रेषित करते हुये लाभार्थियों का चयन किया जाये। समाचार पत्रों के माध्यम से भी योजना की जानकारी देते हुये प्रार्थना-पत्र आंमत्रित किये जा सकते है।

8- 10.00 रू0 के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर लाभार्थी चयन से सम्बन्धित सूचनायें एंव शर्ते अन्तिम रूप से चयनित लाभार्थी से प्राप्त की जायेगी।(संलग्न लाभार्थी चयन फार्म)

9- संयत्र की कुल कीमत रू0 37,500.00 (रू0 सैंतीस हजार पॉच सौ मात्र) एंव एक वर्ष की गारन्टी अवधि उपरान्त संयत्र के रखरखाव हेतु 02 वर्षीय सी0एम0सी0 की धनराशि रू0 9,500.00 (रू0 नौ हजार पॉच सौ मात्र) निर्धारित है। वर्तमान में लाभार्थी से चरखे की कीमत रू0 37,500.00 (रू0 सैंतीस हजार पाँच सौ मात्र) की 10 प्रतिशत धनराशि लाभार्थी अशंदान के रूप में प्राप्त की जायेगी तथा वर्ष 2006-07 की भॉति इस वर्ष भी 90 प्रतिशत अनुदान देय होगा। गारन्टी अवधि उपरान्त यदि लाभार्थी चरखें के रखरखाव हेतु 02 वर्ष की सी0एम0सी0 सुविधा लेने हेतु इच्छुक होगा तो उसे विभागीय नियमानुसार सी0एम0सी0 अशंदान की धनराशि स्वंय वहन करनी होगी ।

